बिलासपुर, रविवार 7 जुलाई 2024

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**2880 रुपए की पेटी कमाई बंटती थी छह हिस्सों में, ऊपर तक जाता था पैसा**

**अफसर, डिस्टलरीज और बिचौलियों का बनाया गया था रैकेट**

## कमीशन की राशि 75 से बढ़कर सौ रुपए तक पहुंची

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2019-20 में शराब में प्रति पेटी 75 रुपए कमीशन देना तय हुआ। बाद के वर्षों में कमीशन की राशि 100 रुपए कर दिया गया। शराब निर्माता कंपनियों कमीशन देने में नुकसान न हो इस बात का भी ध्यान रखा गया, इसके लिए साल के नए टेंडर में शराब की कीमतों में उतने ही अनुपात (लोडिंग प्राइज) में वृद्धि की गई। जिसका भुगतान शराब निर्माता कंपनी, सिंडेकेट को नगद तथा अनवर ढेबर और त्रिलोक सिंह ढिल्लन के बनाए गए फर्म में जमा किया जाता था। इसके एवज में शराब निर्माण करने के लिए उपयोग में आने वाले रॉ मटेरियल, कनकी चावल की आपूर्ति में ओवर बिलिंग के माध्यम से करते थे।

## दूसरी बैठक में नकली होलोग्राम का विचार

सिंडिकेट द्वारा कमीशन की और ज्यादा वसूली के लिए नई व्यवस्था लाने अनवर ढेबर के होटल में पुनः बैठक बुलाई गई। इसमें डिस्टलरियों से देशी शराब निर्माण कर सीधे दुकान तक पहुंचाने किसी तरह से बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए व्यवस्था बनाई गई। उसी बैठक में अन अकाउंटेड शराब दुकान तक पहुंचाने नकली होलोग्राम का उपयोग करने विचार किया गया। इसके बाद नकली होलोग्राम बनाने एपी त्रिपाठी के माध्यम से उत्तरप्रदेश, नोएडा के विधु गुप्ता से संपर्क कर नकली होलोग्राम तैयार कराया गया। अतिरिक्त शराब के लिए बॉटलिंग की व्यवस्था करने अरविंद सिंह का भतीजा अमित सिंह तथा उसके सहयोगियों को ठेका दिया गया।




# होटल वेनिंगटन में इकट्ठा होती थी शराब की काली कमाई हवाला के जरिए भेजी जाती थी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है। उसमें कोर्ट को बताया गया है कि शराब घोटाले को लेकर पहली बैठक वर्ष 2019 के शुरुआत में अनवर ढेबर के जेल रोड स्थित होटल वेनिंगटन में हुई थी। बैठक में शराब निर्माता कंपनियों के साथ अफसर शामिल हुए थे। बैठक का आयोजन अनवर ढेबर ने किया था। उसके बाद वेनिंगटन होटल ही शराब की काली कमाई का अड्डा बन गया था। काली कमाई वहीं इकट्ठा होती थी।

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट के मुताबिक बैठक में छत्तीसगढ़ डिस्टलरी की ओर से नवीन केडिया, भाटिया वाइंस प्राइवेट लिमिटेड से भूपेंदर पाल सिंह भाटिया तथा प्रिंस भाटिया, वेलकम डिस्टलरीज की ओर से राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू तथा हीरालाल जायसवाल के साथ ही नवीन केडिया के संपर्क अधिकारी संजय फतेहपुरिया उपस्थित हुए थे। अफसरों में अरुणपति त्रिपाठी के साथ ही शराब कारोबारी अरविंद सिंह उपस्थित थे।

## अन अकाउंटेड शराब पहुंचाने 15 जिले चुने गए

अन अकाउंटेड शराब खपाने के लिए 15 जिलों का चयन किया गया। अन अकाउंटेड शराब को खपाने के लिए एपी त्रिपाठी ने जिला आबकारी अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में आबकारी अफसरों को अन अकाउंटेड शराब खपाने सुपरवाइजर के साथ कोआर्डिनेटर को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा अन अकाउंटेड शराब की रकम कलेक्शन करने की जिम्मेदारी अरविंद सिंह तथा विकास अग्रवाल को दिया गया।




# दवा निगम में सर्जिकल स्ट्राइक... एक साथ बदले वेयर हाउस के सहायक प्रबंधक

*अनावश्यक दवा और रीएजेंट सप्लाई की जांच के बीच सीजीएमएससी के ड्रग वेयर हाउस में पदस्थ सहायक प्रबंधकों को एक साथ बदल दिया गया है। सभी पिछले दस साल से वहां जमे हुए थे। आदेश जारी कर उन्हें मूल विभाग में वापस भेजे जाने से कई तरह की चर्चा विभागीय स्तर पर हो रही है। हरिभूमि ने दवा निगम में भर्राशाही की खबरें लगातार प्रकाशित की थीं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि निगम में कसावट लाएंगे। बाकी मामलों की जांच चल रही है, रिपोर्ट के बाद सख्त कार्रवाई करेंगे। स्वास्थ्य केंद्रों में बिना आवश्यकता रीएजेंट की सप्लाई और बिना डिमांड के सरकारी अस्पतालों में अनावश्यक दवा की आपूर्ति के मामले में सीजीएमएससी चर्चा में है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर इन प्रकरणों की उच्च स्तर पर जांच की जा रही है। इसी बीच दवा कार्पोरेशन के कामकाज में कसावट लाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। सीजीएमएससी के राज्य में संचालित 16 औषधि भंडार के प्रभारियों को थोक में बदल दिया गया है।

- दस साल से जमे हुए थे मूल विभाग में भेजा गया चर्चा कई तरह की
- हरिभूमि ने भर्राशाही की खबरें प्रकाशित की थीं, मंत्री बोले अभी और कार्रवाई होंगी




## इन्हें हटाया गया

अंबिकापुर एवं कोरिया ड्रग वेयर हाउस से मो. वासिम, बिलासपुर से दीपक शर्मा, दंतेवाड़ा एवं जगदलपुर के सहायक प्रबंधक अवनीश कुमार यादव, जयंत कुमार जैन ड्रग वेयर हाउस धमतरी एवं कांकेर, राजकुमार देवांगन ड्रग वेयर हाउस दुर्ग एवं राजनांदगांव, नरोत्तम साहू दवा गोदाम जांजगीर एवं कोरबा, दिलीप कुमार पारही औषधि गोदाम जशपुर एवं रायगढ़, दीपक लांझी कवर्धा, महिमा सिंह दुबे ड्रग वेयर हाउस महासमुंद, विरेंद्र कुमार देवागंन औषधि गोदाम रायपुर को हटाया गया है।

### व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे

स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। अस्पतालों को दवाओं की आपूर्ति बिना व्यवधान के हो, इसके लिए सीजीएमएससी की कार्यशैली में कसावट लाई जा रही है। इसके तहत वेयर हाउस के प्रभारियों को बदला गया है। दवाओं और रीएजेंट की सप्लाई के मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट मिलते ही जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

- **श्याम बिहारी जायसवाल,** स्वास्थ्य मंत्री

### लंबे समय से पदस्थ थे

राज्य के सभी ड्रग वेयर हाउस में सहायक प्रबंधकों की नई नियुक्ति की गई है। पुराने कर्मचारी लंबे समय से पदस्थ थे, जिन्हें हटा दिया गया है।

- **पद्मिनी भोई,** एमडी, सीजीएमएससी

## खबर संक्षेप

### कुलगाम में चार आतंकी मारे गए, जवान शहीद



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया। जिले में दो जगहों पर मुठभेड़ देर रात तक जारी रही। इस दौरान चार आतंकी मारे गए। मोडरगाम गांव में आतंकवादियों की सूचना मिली थी।

**प्रेमप्रकाश की याचिका स्वीकार**

# विधायक देवेंद्र यादव को हाईकोर्ट से झटका





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भिलाई से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को बिलासपुर हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पूर्व बीजेपी विधायक प्रेम प्रकाश पांडेय की चुनावी याचिका को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है और निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना है। दरअसल इससे पहले, विधायक देवेंद्र यादव ने सुनवाई नहीं करने के लिए आवेदन लगाया था। देवेंद्र पर चुनाव के दौरान गलत जानकारी बताने का आरोप लगा है। आपराधिक रिकॉर्ड छुपाने का भी आरोप है।

- 31 जुलाई को होगी सुनवाई

### आयोग को नहीं बनाया गया पक्षकार

याचिका में यह भी तर्क दिया गया है कि विधायक यादव ने आयोग के दिशानिर्देश और जनप्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन करते हुए संपत्ति के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्यों को भी दबाने का प्रयास किया है। उन्होंने साल 2018-2019 में उन्होंने अपनी आय 2 लाख रुपए बताई थी। नामांकन पत्र जमा करते समय प्रस्तुत शपथ पत्र में भी अपनी दो लाख की आय होना बताया है।






## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम पर पौधा रोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजित

**कोरबा।** आजादी के अमृतकाल में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर आधिकाधिक पौधारोपण तथा उसका संरक्षण कर धरती माता को हरियाली से आच्छादित करना है इसी उद्देश्य को सामने रखकर अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.मनोज सिन्हा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन तथा रासेयो जिला संगठक वायके तिवारी के नेतृत्व में रासेयो गोदग्राम भादा के हसदेव अमृत वाटिका में फ़लदार तथा पोषण से युक्त पौधों का रोपण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक जयप्रकाश पटेल, वर्णीता सीमा बखला, इंदु सोनवानी, किशन यादव, धीरज यादव, आशीष यादव आदि ने काजू, आम, मूनगा के पौधों का रोपण कर पौधों के संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम के आयोजन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जीएम उपाध्याय, श्रीमती प्रीति द्विवेदी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक नारायण यादव, फिरत राम यादव, बहोरन दास, मितानिन श्रीमती निशा यादव, कुमुदिनी यादव, सुनीता यादव आदि का सक्रिय योगदान रहा।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** रजगामार चौकी पुलिस को वहां निवासरत अर्पित अग्रवाल द्वारा अपने साथियों के साथ ऑनलाइन सट्टा खिलाए जाने की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अम्बिकापुर गांधी चौक वसुंधरा सिटी जाकर पुलिस टीम द्वारा आदित्य सिंह चौहान, साहिल दास पिता चद्रिका दास, सुनील सिंह पिता मंगल सिंह, अमन जायसवाल पिता विजेद्र जायसावाल, विवेक सिंह पिता प्रदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था किंतु अर्पित अग्रवाल फरार चल रहा था जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### सबमर्सिबल पंप की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रलिया निवासी बनवारी लाल लहरे पिता स्व0 धजाराम लहरे उम्र 45 वर्ष हाईस्कूल रलिया में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत है। जो कि रलिया नवापारा जाने वाले रोड किनारे स्थित नये घर का निर्माण करा रहा है कि निर्माणीधीन मकान में लगा पुरानी इस्तेमाली एक सबमर्सिबल पंप 1 एचपी, 15 स्टेज, पैनल एवं कैबल लगाया था जो 29 जून की सुबह 7 बजे जाकर देखा तो निर्माणाधीन मकान में लगा एक सबमर्सिबल पंप 1 एचपी, 15 स्टेज, पैनल एवं कैबल नहीं था जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**कोरबा।** कुसमुण्डा थाना प्रभारी को रूपक शर्मा को मुखबीर से सूचना मिली कि कुसमुण्डा के निगरानी बदमाश शहजादा उर्फ राजू पिता वाज खान उम्र 27 वर्ष चिल्हाटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चौकी मोपका थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर में अपना नाम जावेद खान उर्फ राजू बदलकर रह रहा था जो थाना कुसमुण्डा के दो अलग अलग मामलों में आर्म्स एक्ट व चोरी के प्रकरण में स्थाई वारंट माननीय न्यायालय कटघोरा से जारी हुआ है जो विगत 7 वर्षों से फरार चल रहा था। साथ ही उक्त वारंटी का थाना हरदीबाजार में 1 स्थाई वारंट, थाना दर्री में 1 स्थाई वारंट व थाना उरगा में 1 स्थाई वारंट होना पाया गया है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### नाले में नहाने गई महिला की मौत

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टापरा निवासी बुधराम राठिया की पत्नी धरम कुंवर 47 वर्ष सुबह अपने घर से आंगनबाड़ी केंद्र में खाना बनाने गई हुई थी। वहां से वापस लौटने के दौरान गांव के कुदारी नाला में नहाने चली गई। जहां नाले में गहरे पानी में डूब जाने से धरमकुंवर की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पटवारी गए हड़ताल पर, प्रमाण पत्र के लिए छात्र लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्कूल व कॉलेज खुलने के बाद प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं की भीड़ निवास प्रमाण पत्र के लिए तहसील कार्यालय का चक्कर काटने लगी है। गुरूवार से पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से तहसील कार्यालय में छात्र व उनके अभिभावक सहित सीमांकन फौती बंटवारे के लिए आने वाले आम पक्षकार भटक रहे हैं।

पंचायत सचिवों की हड़ताल को समाप्त हुए महज दो दिन ही बीते थे कि राजस्व विभाग का मैदानी अमला पटवारी संघ अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले जाने से राजस्व से जुड़े सभी कार्य दो दिन से प्रभावित हो गए हैं। पटवारी संघ लगातार अपनी मांगों को लेकर शासन प्रशासन से पत्र व्यवहार करते हुए इसके लिए कई बार चरणबद्ध आंदोलन कर चुका है। उसके बावजूद उनकी मांगों पर गंभीरता नहीं बरती गई। यही कारण है कि संघ ने हड़ताल का रास्ता अख्तियार कर लिए हैं। पिछले दिनों सारंगढ़ में पटवारी को निलंबित किए जाने को लेकर पटवारी संघ का कहना है कि बिना जांच के निलंबन की कार्यवही अवैधानिक है। संघ ने अपनी मांग पत्र में निलंबित पटवारी को बहाल करने का उल्लेख किया है। उसके अलावा ऑनलाईन कार्य के दौरान आ रही तकनीकी दिक्ततों को भी दूर करने संबंधी मांग रखी है। ऑनलाईन रिकार्ड में सुधार करने के दौरान पटवारियों को आ रही समस्याओं पर मुश्किलें खड़ी हो रही है।

### स्कूल कालेज में प्रवेश के लिए निवास प्रमाण पत्र है अनिवार्य

**खास बातें**

- घंटाघर चौक में पटवारी संघ अपनी मांगों को लेकर बैठा धरने में
- राजस्व कार्य होने लगे प्रभावित



### तहसील में बैठे पक्षकार

तहसील कार्यालय में आने वाले पक्षकार पटवारियों के नहीं मिलने पर तहसील में ही बैठे रहे। वहीं जाति निवास जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज के लिए आने वाले आम पक्षकारों को बैरंग लौटना पड़ा। महाविद्यालयों में प्रवेश की सूची जारी होने के बाद छात्र अपने समस्त दस्तावेज को पूरा कराने में लगे हुए हैं। जिनमें जाति और निवास अनिवार्य रूप से शामिल है और ये दोनों दस्तावेज बिना पटवारी प्रतिवेदन के बनना मुश्किल है और जब तक पटवारी हड़ताल पर रहते हैं आम पक्षकारों के सीमांकन कार्य फौती बंटवारा और छात्रों के जाति निवास जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज का बनना मुश्किल है।

### पटवारियों की यह है मांग

ऑनलाईन कार्य के लिए कम्प्यूटर लैटपटॉप की सुविधा। नक्शा बटांकन के लिए पटवारी आईडी में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर करना। जिला स्तर पर सहायक प्रोग्रामर की पदस्थापना। बैंक में बंधक खसरों का विलोपन करना। डिजिटल हस्ताक्षर शत प्रतिशत करने के लिए पहल करना। शासन द्वारा समस्त खाताधारों के ऑनलाईन रिकार्ड में आधार व मोबाइल नंबर आदेशित किया गया है, जबकि यह गोपनीय दस्तावेज आदि प्रमुख मांगे हैं।

## खदान ने 40 वर्षों तक कोयला जरुरतों को किया पूरा

# सिंघाली खदान के बाद अब बल्गी खदान से भी कोयला उत्पादन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की तत्कालीन सहयोगी कंपनी डब्ल्यूसीएल (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) ने 90 के दशक में कोयला खनन के लिए बल्गी में प्रक्रिया शुरू की। वर्ष 1983 से बल्गी खदान से कोयला बाहर निकलना शुरू हुआ जो वर्ष 2024 तक जारी रहा। अब बलगी खदान में कोयला उत्खनन बंद कर दिया गया है। इसके पीछे वजह यह है कि पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय ने इन्वायरमेंट क्लीयरेंट (ईसी) की मांग की है। जबकि अब तक खदान को सीपीओ याने की कन्टेंट टू ऑपरेट के तहत संचालित किया जा रहा था।

40 वर्षों तक कोयले की जरूरत को पूरी करने के बाद एसईसीएल की बल्गी खदान बंद हो गई है। यहां काम करने वाले कामगारों को दूसरे खदानों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। आने वाले दिनों में इस खदान के कामगारों को रजगामार, बगदेवा और ढेलवाडीह में स्थानांतरित किया जाएगा। भले ही खदान बंद हो रही है लेकिन कोरबा के विकास में इस माइंस के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। दरअसल केंद्र सरकार ने नियमों में बदलाव किया है। जिसके बाद पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय से खदान संचालन के लिए ईसी की मांग की है। यहां बताना होगा कि बल्गी खदान को सीपीओ मोड पर संचालित किया जा रहा था, पर अब कोयला खदानें सीपीओ के आधार पर संचालित नहीं होंगी। इसके लिए ईसी लेना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि कुछ दिनों पूर्व यह आदेश भी जारी किया गया था कि जिन खदानों में अब तक अपनी क्षमता तक दोहन नहीं किया है उन्हें संचालन की अनुमति दी जाएगी। बल्गी खदान में वर्ष 2007-08 में ही अपनी क्षमता को टच कर लिया था। ऐसे में खदान संचालन के लिए ईसी प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। हालांकि एसईसीएल प्रबंधन यह भी देखेगा कि खदान में प्रति टन उत्पादन लागत की फायनेंसियल वायब्लेटी है कि नहीं। सूत्रों की मानें तो बल्गी खदान में प्रतिदिन उत्पादन लाभ वाली नहीं है। एसईसीएल में कई खदानें ऐसी हैं जहां एक टन कोयला उत्पादन की लागत 20 से 25 हजार रुपए तक होती है।



फाइल फोटो

### कर्मियों को किया जा रहा स्थानांतरित

बल्गी खदान में कोयला खनन बंद कर दिया गया है। पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली ने कहा है कि खदान संचालन के लिए इन्वायरमेंट क्लीयरेंस चाहिए होगा। प्रबंधन द्वारा ईसी प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। कर्मियों को अन्य खदानों में स्थानांतरित किया जा रहा है।

- डॉ सनिश चंद, पीआरओ एसईसीएल

### भिलाई में की जा रही थी कोयला आपूर्ति

बल्गी कोयला खदान भूमिगत खदान हैं और यहां लगभग 5 सौ मजदूर काम करते हैं। कंपनी ने यहां काम करने वाले अपने नियमित मजदूरों में से बेसिक मेन पावर को छोड़कर अन्य कर्मियों को दूसरे खदान में स्थानांतरित करने की योजना बनाई है। यहां से मजदूरों को धीरे-धीरे रजगामार, बगदेवा और ढेलवाडीह भेजा जाएगा। बल्गी के कोयले में कार्बन की मात्रा अधिक होने के कारण यहां से भिलाई स्थित स्टील प्लांट को कोयला आपूर्ति की योजना बनाई गई। इसके लिए दोनों कंपनियों के बीच एमओयू हुआ। बल्गी खदान के कोयले से लंबे समय तक भिलाई स्टाल प्लांट को इंधन की आपूर्ति की जाती रही।नए नियम के तहत बल्गी खदान को संचालित करने के लिए इन्वायरनमेंट क्लीयरेंस की जरूरत है। तब तक के लिए मैनपावर को दूसरे खदानों में अस्थाई तौर पर स्थानांतरित किया जा रहा है और खदान को बंद कर दिया गया है।

### सिंघाली में पहले से उत्पादन बंद

वहीं दूसरी ओर सिंघाली खदान को आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी अब तक कोयला खनन के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ का प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। खदान में लगभग 6 सौ कोल कर्मी कार्यरत हैं। उक्त कर्मचारी 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों में खदान में काम करते हैं। जब से खदान में काम बंद है तब से प्रबंधन को इन कर्मियों को बिना काम के वेतन देना पड़ रहा है। रोजाना आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति में कंपनी को दो-दो मोर्चों पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। खदान के भीतर पंप चलाने या इलेक्ट्रिक जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही कंपनी काम करा पा रही है। 28 अप्रैल से इस खदान से कोयला उत्पादन बंद है। इससे कंपनी का स्थानीय प्रबंधन परेशान है। चाहकर भी मेन पावर का इस्तेमाल खनन के लिए नहीं कर पा रहा है। एसईसीएल की सिंघाली कोयला खदान से हर माह औसत 24 हजार टन कोयला उत्पादन होता है। प्रतिदिन औसत 600 से 700 टन कोयला निकलता है।

# भू अधिग्रहण कर योजनाबद्ध तरीके से किया जाए खदान विस्तार : मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे कोयला सचिव अमृत लाल मीणा द्वारा एसईसीएल की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में एसईसीएल के मेगाप्रोजेक्ट्स गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों द्वारा पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मेगाप्रोजेक्ट्स में उत्पादन-उत्पादकता, कोयला प्रेषण में फर्स्ट-माइल कनेक्टिविटी, खदान विस्तार, भूमि-अधिग्रहण, पर्यावरण आदि विभिन्न विषयों पर कोयला सचिव श्री मीणा को जानकारी दी गयी। आगामी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

**खास बात**

- कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने जिले के मेगा परियोजनाओं के जीएम को दिए निर्देश

श्री मीणा ने एसईसीएल के मेगाप्रोजेक्ट्स गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा में पर्यावरणीय पहलुओं का ध्यान रखते हुए समयनुसार भू-अधिग्रहण कर योजनाबद्ध तरीके से खदान विस्तार योजना के क्रियान्वयन पर ज़ोर दिया। बैठक में श्री मीणा ने वीसी के माध्यम से जुड़ीं महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे सुश्री नीनु इटियेरा से कोयला प्रेषण एवं रेल रैकों की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की।बैठक में सीईआरएल, सीईडब्लूआरएल टीम से चर्चा करते हुए मीणा ने रेल कॉरिडोर परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके साथ ही वन एवं पर्यावरण, योजना, परियोजना, विक्रय, विपणन, भू-राजस्व आदि से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गयी। बैठक में कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद तथा एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन से सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक तक. एसएन कापरी, निदेशक तकनीक एन फ्रैंकलिन जयकुमार एवं निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास उपस्थित रहे।

### शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** संकुल सुमेधा में संकुल स्तरी शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आशिष अग्रवाल एल्डर मेन एवं संदीप अग्रवाल सुमेधा के एसएमसी सदस्य पुरूषोत्तम प्रजापति एवं सुमेधा हाईस्कूल के प्राचार्य श्रीमती गीता साहू, संकुल समन्वयक अखिलेश कुमार साहू, व्यख्याता में भुखम सिंह आयाम, अश्वनी महिपाल, श्रीमती संध्या साहू, श्रीमती अनिता टोप्पो, प्रधान पाठक सुख सिंह सिदार, श्रीमति शैल यादव, संदीप प्रताप सिंह, सुनील कुमार धोटे, राकेश शिक्षक, अनंतराम साहू, विनोद जायसवाल, सहायक शिक्षक उतरा साहू, श्रीमती निर्मलेश सिदार, श्रीमती शारदा कंवर, श्रीमती नीमा तिवारी, श्रीमती श्रुति तिवारी, रतन सिंह, सावित्री देवी, गणमान्य नागरिक एवं पालकगण की उपस्थित में संकुल सुमेधा में धूमधाम से संकुल स्तरी शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिला कर एवं गणवेश और पुस्तक देकर उनका शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

# बांकीमोंगरा नगर पालिका में दोगुनी रफ्तार से होगा विकास : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के वार्डों में अब डबल रफ्तार से विकास होगा। बांकीमोंगरा अब विकास की नई इबारत लिखेगा। उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद की नवगठित संचालन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सभी सदस्यों से चर्चा के दौरान कही। बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के नवगठित संचालन समिति के पदाधिकारी शुक्रवार को उद्योग और श्रम मंत्री श्री देवांगन से भेंट करने पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बांकीमोंगरा को अलग तो कर दिया, लेकिन संचालन समिति का गठन नहीं किया। यही वजह है कि निकाय के पार्षदों को मानदेय तक नहीं मिल सका। विकास कार्यों के लिए पार्षद चक्कर लगाते रहे लेकिन अब फंड के लिए बांकीमोगरा की जनता को सोचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जितने भी विकास कार्य रुक चुके हैं, उन्हें अब स्वीकृति दिलाकर प्रारंभ करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन, भागवत विश्वकर्मा, लखन राठौर, अजय राठौर, ननकी, संतोष राठौर, बबलू डहरिया समेत अन्य उपस्थित रहे।



उद्योग मंत्री का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

# डिवाइडर बना दुर्घटना की वजह, आए दिन होते हैं हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा में गौरव पथ पर बना डिवाडर लोगों के लिए दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। कटघोरा के शहीद वीर नारायण चौक से बिलासपुर मार्ग पर बना डिवाडर इस समय दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है।

ज्ञात हो कि कटघोरा के शहीद वीर नारायण चौक से लेकर गोपाल पेट्रोल पंप तक गौरव पथ का निर्माण होना है लेकिन आज पर्यंत यह कार्य पूरा नहीं हुआ है। जितनी दूर गौरव पथ बना उतनी दूर डिवाइडर भी बनाया गया है। यह डिवाइडर इस समय लोगों की जान के लिए जोखिम भरा है। डिवाडर के एक तरफ स्लोप होने से अंधेरे में डिवाडर नहीं नज़र आता है जिसकी वजह से लोगों की चार पहिया वाहन डिवाडर पर चढ़ जाती है और दुर्घटना का शिकार होते हैं। शुक्रवार को डिवाडर पर एक मालवाहक वाहन के चढ़ने से वह अनियत्रित होकर पलट गई। इसके पूर्व भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ दिन पूर्व ही रात्रि में कोरबा के व्यवसायी की इनोवा गाड़ी डिवाइडर के ऊपर चढ़ गई थी जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। लगातार हो रहे हादसे के बावजूद न ही नगर प्रशासन और न ही प्रशासकीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गौरव पथ के आधे अधूरे निर्माण को लेकर लोगों में काफी नाराजगी भी सामने आ रही है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

TOP IN JANJGIR

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college
Nehru Chowk Bilaspur
Mo.7000421146

जैन स्वीट्स
लिंक रोड, पारस बाजार के पास, जांजगीर
हमारे यहां पारंपरिक ट्रेडिशनल फैन्सी मिठाई ड्राईफ्रुट मिठाई, छेना, खोवा अन्य छप्पन प्रकार के मिठाई एवं स्वादिष्ट ताजा नमकीन प्राप्त करें।
नास्ता खम्मन ढ़ोकला, कचौड़ी, फाफड़ा
8889821151, 8871779942

**न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क.. /अ-6/2023-24
ग्राम सिवनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार पिता सीताराम देवांगन जाति कोष्टा निवासी सिवनी द्वारा ग्राम सिवनी स्थित ख0नं0 2122/2 रकबा 0.32 ए. भूमि अवस्थित है। जो राजस्व रिकार्ड में अवधराम लगनसाय के नाम पर ग्राम सिवनी में दर्ज है। जिसमें आवेदक के बड़े पिता अवधराम वल्द लगनसाय की मृत्यु दिनांक 22/06/2022 हो गया है। आवेदक के बड़े पिता अवधराम निःसंतान था, उसके जीवित अवस्था में आवेदक ही उसका देखरेख, ईलाज पानी, भरण पोषण किया है। तथा मृत्यु पश्चात समस्त दाह संस्कार व गत गंगा मृतक क्रिया कर्म किया है। आवेदक के अलावा मृतक अवधराम के और अन्य कोई वारिसान नही है। आवेदक ही मृतक अवधराम का वारिस है। मृतक अवधराम की पत्नी श्रीमती कोलतिमा बाई की भी मृत्यु दिनांक 11/11/2017 को हो गई है। आवेदक के बड़े पिता के मृत्यु उपरांत उक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने आवेदन पेश किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 12/07/24 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
चांपा

**कार्यालय जनपद पंचायत नवागढ़, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
क्र./5116/जला.प./ज.पं./2024
नवागढ़, दिनांक : 05/07/2024

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के अधीनस्थ बांधा सिंचाई जलाशय तुस्मा को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर "नवीन मछली पालन नीति 2022" के तहत आबंटित किया जाना है। जिसका जलक्षेत्र 25.455 हेक्टेयर है, इच्छुक मत्स्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूह, महिला स्व सहायता समूह, मछुआ व्यक्ति अपना आवेदन दिनांक 22.07.2024 के कार्यालयीन समय 5:30 तक इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत नवागढ़

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 7 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 सप्ताहभर से घरों में नहीं आ रहा टेपनल से पानी



स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9131330801, 9340751120, 7869622725
पता: बिजली ऑफिस के सामने, राछाभाठा (नवागढ़)
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

प्रवेश प्रारंभ
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.) New Delhi (Govt. of India)
ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छूट
100% रोजगार
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9281914563, 9281914561, 8435900491

## खबर संक्षेप

### अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ धरना प्रदर्शन कल

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती एवं बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ पूरे प्रदेश के ब्लाक जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाना है। जिला कॉंग्रेस कमेटी सक्ती के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला मुख्यालय सकती सहित जिले के ब्लॉक मुख्यालय जैजैपुर मालखरौदा डभरा में 8 जुलाई को अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में धरना आंदोलन किया जायेगा। जिसमे सभी ब्लॉक मुख्यालय के लिए पार्टी की ओर से प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। जिला मुख्यालय सकती मे स्टेशन रोड सकती के विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री कार्यालय के सामने अम्बेडकर चौक में विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता डॉ चरण दास महन्त के नेतृत्व में 8 जुलाई को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक आंदोलन किया जाएगा।

### बालिका को भगाने वाले युवक-युवती गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिक बालिका को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने युवक व युवती को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 जून को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए स्थानीय महिला ने बताया था कि 11 मई को अंजना अपने साथ एक लड़की लेकर आई थी, जिसे बच्ची को क्यों लाई है कहकर डांट फटकार किये तो युवक पवन साहू निवासी बड़े देवगांव खरसिया के साथ लड़की को लेकर कहीं चली गई। मामले को गंभीरता से लेकर अंजना पटनायक और पवन साहू की पतासाजी किया गया। 16 मई को बालिका स्वयं घर आ गई, बालिका की मां द्वारा थाना कोतरारोड़ को सूचना दिये जाने पर बालिका को बरामद किया गया।

### खरीदी के पांच माह बाद भी उठाव पूरा नहीं

# सक्ती जिले में 70 लाख से अधिक का धान शार्टेज, नोटिस देकर कर रहे रिकव्हरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नवगठित जिला सक्ती में धान उठाव की सुस्त चाल ने जीरो शार्टेज के लक्ष्य पर रोडा अटका दिया है। धान खरीदी बंद होने के पांच महीने बाद भी सक्ती जिले में धान का पूरा उठाव नहीं हो सका है। स्थिति यह है कि यहां के दर्जनभर से अधिक केन्द्रों में अभी भी साढ़े तीन हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है। खास बात यह है कि कई जगहों पर जितना उठाव होना है, उतना धान नहीं है। हालात को देखते हुए विभाग द्वारा सभी केन्द्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है और रिकव्हरी की जा रही है।



केन्द्र में रखा धान — फाईल फोटो

राज्य सरकार द्वारा 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू की गई थी। वैसे तो खरीदी की तिथि 31 जनवरी तक निर्धारित की गई थी, लेकिन नई सरकार ने सप्ताह भर का समय और बढ़ाया। इस तरह से फरवरी के पहले सप्ताह तक धान की खरीदी हुई। दूसरी ओर खरीदे गए धान के उठाव की गति में केन्द्र प्रभारियों की परेशानी बढ़ा दी। इसके बाद जैसे तैसे धान का उठाव होने लगा तो केन्द्रों में धान का शार्टेज होने लगा है। नवगठित जिला सक्ती में धान उठाव की सुस्त चाल ने जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। यहां के केन्द्रों में अभी भी साढ़े तीन हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है। विभागीय सूत्रों की माने तो सक्ती जिले के कई केन्द्रों में सौ से लेकर 500 क्विंटल तक धान का उठाव बाकी है। इनमें से कई जगहों पर भौतिक रूप से धान उतनी मात्रा में उपलब्ध भी नहीं है। जितना की उठाव किया जाना शेष है। ऐसे में विगत कई वर्षों से धान खरीदी में कायम जीरो शार्टेज का रिकार्ड बरकरार रखने विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अमला अब रिकार्ड में इसकी भरपाई करने में इसकी मशक्कत कर रहा है। हालात को देखते हुए विभाग द्वारा पिछले महीने 10 हजार क्विंटल की रिकव्हरी के लिए 21 केन्द्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया था।

**कर रहे रिकव्हरी**

जिले के 10 धान खरीदी केन्द्रों में करीब 35 सौ क्विंटल धान का उठाव शेष है। केन्द्र प्रभारियों को नोटिस देकर रिकव्हरी की कार्रवाई कर रहे है।

-शोभना तिवारी
डीएमओ, सक्ती

# लाल झंडा लगाकर सहेजी गई सरकारी जमीन पर फिर शुरू हुआ बेजाकब्जा

## जिम्मेदार राजस्व अमला बेखबर, फसल लगाकर कर रहे अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बारिश शुरु होने के साथ जहां खरीफ फसल की बोनी को लेकर जुताई का काम शुरु हो गया है, वहीं फसल लगाकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने का काम भी हो रहा है। खास बात यह है कि तत्कालीन अफसरों द्वारा लाल झंडा लगाकर सहेजी गई सरकारी जमीन पर भी अतिक्रमणकारी कब्जा कर रहे है, वहीं जिम्मेदार राजस्व विभाग का मैदानी अमला आंख मूंदे बैठा है।

गौरतलब है कि इन दिनों खरीफ फसल लगाने की तैयारी का काम जोर-शोर से चल रहा है। बारिश के बाद जहां खुर्रा बोनी के अनुकूल वातावरण है वहां जुताई व बुआई का काम चल रहा है। इसके अलावा जहां डबल फसल लगाई गई है वहां लेई अथवा रोपा पद्धति से धान की बोनी करने अभी और बारिश के साथ नहर की धार चलने का इंतजार हो रहा है। इन सबके साथ सरकारी जमीन पर फसल लगाकर अतिक्रमण करने वाले लोग भी सक्रिय हो गए है। हद तो तब हो जाती है जब पूर्व के अधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर सहेजी गई सरकारी जमीन पर भी फिर से कब्जा करने से लोग बाज नहीं आते। इस तरह के हालत अभी जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम खोखरा, मेहंदा, धाराशिव, नवागढ़, राछाभाठा, सेमरा, बर्रा, भठली, केरा के साथ ही क्षेत्र के दर्जनों गांवों में देखे जा सकते है। ट्रैक्टर और जेसीबी के माध्यम से जमीन को समतल करने के बाद अब अतिक्रमणकारी जुताई करके धान बोने की तैयारी कर रहे है। कुछ जगहों पर बोनी का काम भी हो गया है। खास बात यह है कि इन सब पर निगरानी करने वाला जिम्मेदार राजस्व विभाग का अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा है। वर्ष 2016 में तत्कालीन कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन ने सरकारी जमीन को सहेज कर रखने के लिए लाल झंडा अभियान चलाया था तब एसडीएम, तहसीलदार के निर्देशन में पटवारी, आरआई और मैदानी अमले के लोग खेत खतिहान में पहुंचते, जहां राजस्व रिकार्ड के अनुसार दर्ज शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त करके लाल झंडा लगाया जाता। इस अभियान के तहत जिले में हजारों एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। इसके बाद के अफसरों ने भी इसे सहेजने में रुचि ली, लेकिन पिछले कुछ सालों से इस पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके बाद फिरसे अतिक्रमण होने लगा है।

**दिए है निर्देश**

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके धान की फसल लगाने वालों पर कार्यवाही को लेकर सभी तहसीलदार एवं पटवारी को दिशा निर्देश जारी किया गया है। मामला सामने आने पर कार्यवाही भी होगी।

- एसपी वैद्य
अपर कलेक्टर जांजगीर चांपा

# 3 चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

चोरी की 3 बाइक के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती के हटरी रोड वार्ड नंबर 7 निवासी प्रार्थी सुमित अग्रवाल पिता प्रेमचंद अग्रवाल उम्र 41 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 मई की रात्रि 11 बजे अपने दुकान के सामने अपनी हीरो डीस्टिनी स्कूटी क्रमांक सीजी-11 एटी 1586 को खड़ी कर सो गया था। इसी दौरान 14 मई की सुबह 9 बजे देखा तो मेरी स्कूटी खडी किये जगही पर नहीं था। अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया तो देखा कि वाहन चालक जितेन्द्र साहू पिता दिलचंद साहू निवासी सकरेली कला के द्वारा 14 मई को अपने एक दोस्त के साथ बाइक से आए और स्कूटी को चुराकर ले गए। स्कूटी क्रमांक सीजी 11 एटी 1586 की कीमती लगभग 20 हजार रूपये की है। सायबर की टीम के द्वारा आरोपी जितेंद्र साहू पिता दिलचंद साहू उम्र



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

35 साल निवासी सकरेलीकला थाना सक्ती से पूछताछ करने पर अपने दोस्त मोहन शर्मा के साथ स्कूटी को चोरी कर मोहन शर्मा के पास रखना बताया गया। आरोपी मोहन मोहन शर्मा पिता स्व. गोपाल शर्मा ने 2 बाइक व 1 स्कूटी को चोरी करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से 2 बाइक व 1 स्कूटी वाहन जप्त किया गया। प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश तिवारी, रामकुमार रात्रे, संजीव शर्मा, अमित सिंह, प्रधान प्रेमनारायण राठौर, राकेश राठौर, फारूख खान, अलेक्स मिंज, खगेश राठौर व अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

### चिस्दा में प्रवेश परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि आज

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा (हसौद) जिला सक्ती में प्रवेश परीक्षाफार्म जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई तक निर्धारित की गई है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला सक्ती में संचालित 100 सीटर अजा कन्या क्रीड़ा परिसर में रिक्त 52 सीटो के विरूद्ध प्रवेश प्रकिया होगी।

### गाय की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**बाराद्वार।** गौवंश बछवा को लरेहे के कत्ता से काटकर हत्या करने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दीपक ठाकूर पिता दिगम्बर ठाकूर उम्र 37 साल निवासी वार्ड क्रमांक 6 बाराद्वार ने 5 जुलाई को बाराद्वार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि डुमरपारा निवासी बुदेश उर्फ शेर सिंह ने गाय के बछडे की हत्या किया है। पुलिस ने धारा 4, 5, 10 छग कृषिक पशु परीरक्षण अधिनियम 2004 के प्रावधानो के तहत कार्यवाही कर सबुत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

### विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने सुनाया फैसला

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो शैलेन्द्र चौहान ने सुनाया है।

इस संबंध में न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता के पिता द्वारा थाना चांपा में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि 2 लड़की एवं एक लड़का है। वह एवं उसकी पत्नी रोजी मजदूरी का कार्य करते हैं। उसकी बड़ी लड़की कथा 5वी तक पढ़ी है। पढाई के कमजोर होने के कारण वह आगे की पढाई नहीं की है और घर पर ही रहती है। 8 जुलाई को सुबह



जब वह एवं उसकी पत्नी काम करने के लिए बाहर गये थे। उसके दोनो बच्चे स्कूल गये थे एवं उसकी दादी तथा बेटी घर पर थे। पड़ोसी होने के नाते घर पर आकर बैठता है। 9 जुलाई 2023 को जब शाम 5 बजे काम करके वह एवं उसकी पत्नी घर आये तब उसकी मां ने बताया कि उसकी पुत्री के साथ कोठा में चंद्रदेव सिदार दुष्कर्म कर रहा था एवं कपड़ा को निकाल दिया था। जब उसने देख लिया तो वह जल्दी जल्दी कपड़ा पहन कर घर से बाहर चला गया। जब उसने अपनी पुत्री से रात में पूछा तो वह रोते रोते बताई कि चंद्रदेव सिदार (दादा) एक माह पूर्व से कोठा में बीच बीच में उसके साथ जबरदस्ती गलत काम करता था। 8 जुलाई को दिन में 12 बजे चंद्रदेव उसके घर अंदर आये और उसकी दादी के बारे में पूछे तब उसने बताया कि वह सो रही है। उसके पश्चात वह उसे कोठा में लेकर गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीडिता के पिता की रिपोर्ट पर थाना चांपा द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 376 भा.द.सं. एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान पीडिता का कथन अंतर्गत धारा 164 द.प्र.सं. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर द्वारा लेखबद्ध किया गया। प्रकरण में अभियोजन ने अभियुक्त के विरूद्ध प्रकरण को युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित कराया है कि 63 वर्षीय आरोपी द्वारा इच्छा के विरूद्ध जबदरस्ती दुष्कर्म किया गया है। अभियुक्त चंद्रदेव सिदार पिता स्व.ज्ञानी सिंह सिदार उम्र 63 वर्ष निवासी बेलदारपारा चांपा को भादवि की धारा 376(1) के अपराध के लिए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किये जाने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है। उक्त प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से चंद्रप्रताप सिंह विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) जांजगीर ने पैरवी की।

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE - WISDOM - HUMANITY
In Collaboration with
INDIANA TECH
SSBM
Admission open 2024-25
Apply Now
+91-91092-44444
+91-91093-33333
City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010
Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh - 493996
Industry Integrated with Assured Job
MBA in Banking & Finance
Advanced Specialization Programmes
▸ Artificial Intelligence (AI),
▸ Machine Learning (ML),
▸ Full Stack Development,
▸ Internet of Things (IoT),
▸ Cyber Security,
▸ UI/UX,
▸ Digital Marketing,
▸ Data Science,
▸ Business Analytics,
PHARMACY
D-Pharma I B-Pharma I M-Pharma I Ph.D
LAW
LLB I LLM I BBA-LLB I BA-LLB I Ph.D
MANAGEMENT
BBA I MBA I EMBA I DBA I PGDBA I Ph.D I
BBA (Industry Integrated) I
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma I B.Sc (Hons) I M.Sc (Fashion, Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA I PGDCA I BCA I MCA I Ph.D
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib I M.lib I Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma I B.Tech I M.Tech I Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc I B.Sc (Hons) I M.Sc I Ph.D
COMMERCE
B.Com I M.Com I Ph.D I
B.Com (Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma I BA (Hons) I MA I Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANITIES
BSW I MSW I BA I BA (Hons) I MA I Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma I BA (Hons) I B.Sc (Hons)
I MA I Ph.D (Yoga/ Naturopathy)

## खबर संक्षेप

### सिवनी में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान का शुभारंभ



**बहेराडीह।** शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सिवनी च के तत्वाधान में पंचायत भवन परिसर में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एक बृक्ष माँ के नाम से एनआरएलएम बिहान जिला पंचायत के डीएमएम उपेंद्र दुबे के नेतृत्व में बिहान के महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओ ने पौध रोपण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को जिला पंचायत एनआरएलएम बिहान के डीएमएम उपेंद्र दुबे, समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन, केंद्रीय रेशम बोर्ड तसर अनुसंधान वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन, सरपंच लखे कुमारी चंद्रकुमार राठौर, जिला ब्यापार उद्योग केंद्र के डीआरपी संतोष कुमार शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, पीआरपी पुष्पलता ध्रुव, रोपेश्वरी निर्मलकर आदि ने संबोधित किया।इस मौके पर बिहान के एफएलसीआरपी टिकेश्वरी राठौर,बैंक मित्र सुनीता दुबे,सक्रिय महिला रूपलता राठौर, प्रियंका धीवर, सुभद्रा देवांगन, रूखमणी पांडेय, जमुना नामदेव, गौरी नामदेव,, अनुराधा पांडेय, बद्रिका यादव, भूरी बाई यादव, शकुंतला राठौर, सविता बरेठ, सावित्री राठौर, काजल खैरवार, भारती यादव, तथा बिहान के उन्नति महिला ग्राम संगठन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शिवलिंग मूर्ति स्थापना के लिए निकली भव्य कलश यात्रा



**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ के देवानंद तालाब किनारे पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं शिवलिंग मूर्ति स्थापना का दो दिवसीय कार्यक्रम शनिवार 6 जुलाई से प्रारंभ हुआ। पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें नगर की महिलाएं एवं युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुई। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं अधिवक्ता पीताम्बर केशरवानी, श्रीमती प्रीति केशरवानी, मेकर, स्वर्ण लता केशरवानी ,मां चन्द्र कला केसरवानी द्वारा नगर के देवानंद तालाब में पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं शिवलिंग मूर्ति स्थापना का दो दिवसीय कार्यक्रम भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। आचार्य पंडित मुकेश मिश्रा द्वारा विधि-विधान से पूजा-पाठ शुभ लग्न में प्रारंभ किया गया।

### प्रत्येक व्यक्ति मां के नाम से एक पौधा जरूर लगाएं : सिंघानिया



**जांजगीर-चांपा।** भाजपा नेता, नगर विकास सेवा समिति जांजगीर नैला के अध्यक्ष स्वयं एवं समिति के सदस्यों द्वारा 101 पेड़ लगाने का लक्ष्य 2024 रखा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम के अभियान तहत 5 जुलाई से अपने गृह निवास एवं अपने व्यापार परिषद में आम जाम के पेड़ लगाकर शुरुआत करते हुए सभी व्यक्तियों से एक-एक पौधा अपने मां के नाम से लगाने की अपील की गई, जिसमें धरती माता एवं पर्यावरण शुद्ध होगा एवं जिसमें आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा। पेड़ लगाने से वातावरण शुद्ध एवं नए भारत समृद्ध भारत की ओर अग्रसर होगा। शंकर सिंघानिया नगर विकास सेवा समिति के सभी सदस्यों से एवं 5 जुलाई से नागरिकों से एक-एक पेड़ लगाने का आग्रह किया। पेड़ लगाने से सुकून, जल संरक्षण एवं पर्यावरण अनुकूल रहेगा एवं आर्थिक लाभ एवं अधिक तापमान में कमी आएगी। समाजसेवी शंकर सिंघानिया ने कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष पेड़ लगाते हैं जैसे ग्राम करारी के राजहरिया, टीसीएल कॉलेज जांजगीर, पूर्व मध्य भारत पेपर मिल, प्रकाश इंडस्ट्रीज, नहर के किनारे, शनिदेव मंदिर, भीम तालाब जांजगीर नैला अनेको को पौधे लगाए हैं जो आज पेड़ के रूप में फल एवं छाया दे रहे हैं। इसके अलावा गौ वंशीय पशओं के सुरक्षा के लिए रेडियम पट्‌टी लगाना, यातायात नियमों के तहत छोटे-बड़े वाहनों में रेडियम पट्टी लगाना, इस प्रकार अनेकों कार्य शंकर सिंघानिया के नेतृत्व में नगर विकास सेवा समिति के द्वारा किए जाते हैं। कारोना काल में भी जनहित में अनेकों कार्य किया गया।

## पेयजल समस्या से जूझ रहे कुम्हारीखुर्द के ग्रामीण

# सप्ताहभर से घरों में नहीं आ रहा टेपनल से पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

कुम्हारीखुर्द गांव में एक सप्ताह से टेप नल से घरों में पानी आना बंद हो गया है। पेयजल के लिए ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ गई है। ग्रामीणों को होने वाली समस्या से विभागीय कर्मचारियों का कोई सरोकार नहीं है।

गौरतलब है कि राज्य शासन ने ग्रामीण इलाकों के सभी गांवों के घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचे इसके लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर ग्राम पंचायतों में पीएचई विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से पानी टंकी का निर्माण कराया गया है और सभी के घरों में टेप नल कनेक्शन लगाया गया है, लेकिन हकीकत ये है की ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है। जनपद पंचायत बम्हानीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत बघौदा के आश्रित ग्राम कुम्हारीखुर्द के ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बना हुआ है और नल जल योजना से गांव के सभी घरों में टेप नल कनेक्शन लगाया गया है। जहां उक्त नलों में एक सप्ताह से पेयजल सप्लाई नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानी हो रही है, उन्हें या तो हैण्डपंप का सहारा लेना पड़ रहा है या निजी बोर वाले घरों से पानी लाना पड़ रहा है। इस ओर न तो पीएचई विभाग के जवाबदार अधिकारी द्वारा ध्यान दिया जा रहा है न तो ग्राम के पंचायत प्रतिनिधियों का कोई ध्यान है । ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों सहित गांव के पंचायत प्रतिनिधियों से शीघ्र ही उचित पहल करते हुए व्यवस्था बनाने की मांग की है।



गांव में बनी पानी टंकी साबित हो रहा शो-पीस।

# रथयात्रा आज : नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हर साल आसाढ़ मास के दुतिया तिथि को रथयात्रा निकाली जाती है। भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के यहां जाते है। इस बार दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिवस सर्वासिद्धियोग के साथ शिव वाश योग रहेगा रथयात्रा के समय शिव पार्वती साथ रथयात्रा के साथ साथ विचरण करते रहेगे।

पं. किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की पदम पुराण के अनुसार एक बार भगवान के बहन सुभद्रा को नगर देखने की इच्छा हुई तब भगवान बलराम बहन सभद्रा को रथ में बैठाकर नगर दिखाने निकल पड़े। इस दौरान वे अपने मौसी के धर सात दिन ठहरे। तभी से यह रथयात्रा निकालने की परंपरा प्रारंभ हुई। जांजगीर नगर में भी रविवार 7 जुलाई को रथयात्रा निकाली जाएगी। नगर के सभी भक्त जन अपने निवास स्थान के सामने फुलवर्षा कर दीपजला जयकारा करते हुऐ भगवान जगन्नाथ जी का स्वागत कर दर्शन कर सात पग रथ के साथ अवस्य चलें। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में जगन्नाथ रथयात्रा के पावन अवसर पर भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन किया जावेगा।

### बिर्रा में निकलेगी रथयात्रा, तैयारियां पूरी

**बिर्रा।** आषाढ शुक्ल पक्ष द्वितीया को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा 7 जुलाई रविवार को बडे ही धूमधाम से निकाली जाएगी। इसके लिये नवयुवक रथयात्रा समीति कहार मुहल्ला रथ की तैयारी में जुटे हुए है। भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की भब्य प्रतिमा जगन्नाथ मंदिर से राजमहल बिर्रा के राजकुमारों की उपस्थिति में कीर्तन भजन कर कहार महुल्ले में आकर्षक रथ पर विराजित कर निकाला जाएगा। श्रद्धालु पूजा अर्चना कर किर्तन भजन करते हुए रथ के रस्सी को खींचते ग्राम के महाबीर मंडली चौक, साहूमुहल्ला, घानासागर, राजमहल चौक (दीवान मुहल्ला), ठाकूरदेव मुहल्ला, दाऊमुहल्ला, मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, भाठापारा, कंकालीन मंदिर, चंडीमंदिर, लीलामंडली होते हुए पुनकहार मुहल्ले से मंदिर पहुंचेगी। थयात्रा पर्व पर बहन-बेटियों का आगमन होता है। इस संबंध में आचार्य पं जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि हम हमेशा भगवान के दरबार में भगवान का दर्शन करने पहुंचते हैं और यह रथयात्रा का पर्व में भगवान हर गली हर मुहल्ले पहुंच कर स्वयं हमें साक्षात दर्शन देने आते हैं। आयोजन को लेकर राहूलबाबा, चेतनबाबा, सोमूबाबा, छोटूबाबा, सुबुबाबा, पंचायत प्रतिनिधि बिर्रा, सौखीलाल पटेल, मसतराम, ढीमर, कुलकीत साहू, महावीर धीवर, संतोष कहार, खदा कहार, छतराम, अमन कहार, मोहित, कमला, महेश साहू, राजकुमार थवाईत,विजय थवाईत,शुभम थवाईत, बरतराम, मोहन, तरूण, इंदल सहित ग्रामवासी जुटे हुए है।



### आज निकलेगी जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की झांकी

**तुस्मा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान जगनाथ,सुभद्रा और बलभद्र को रथ में बैठाकर गांव की गलियों में भ्रमण कराया जाएगा। भक्त भगवान जगनाथ स्वामी की दर्शन पाने के लिए घरों के द्वार पर थाली में द्वीप सजाकर भगवान की इंतजार करते है। भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा ग्राम के गायत्री मंदिर में पूजा अर्चना करने के पस्चात भगवान को रथ में बैठा करके गांव की भ्रमण कराते है। लोग भगवान की दर्शन पाने के लिए बड़ी संख्या में जुटते है और भगवान जगन्नाथ स्वामी के सामने मत्थे और हाथ जोड़कर सुख समृद्धि के साथ साथ उज्जवल भविष्य की कामना करते है। भगवान जगन्नाथ स्वामी जी कीरथ यात्रा गायत्री मंदिर ज्योदगीर मोहल्ला से निकाली जाती है उसके पश्चात नीम कुआ चौक,कपूरताल मोहल्ला, गुड़ी चौंक,महामाया चौंक,बाड़ा पारा,बाजार चौंक सड़क पारा,टिकरी पारा, आमा पारा इन सभी मोहल्ला की भ्रमण कराते है। लोग रथ को पीछे से धक्का देकर पुण्य की भागीदारी बनते है।

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित कर दी गई विदाई



**अकलतरा।** शासकीय कुंवर भुवन भवन भास्कर सिंह पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधानपाठिका सुश्री उषा कैवर्त्य एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती चित्ररेखा पांडे के सेवानिवृत्ति पर 2जुलाई को विदाई समारोह का आयोजन शासकीय बालक प्राथमिक शाला के स्टाफ द्वारा किया गया । बालक प्राथमिक शाला के प्रधानपाठिका श्रीमती लता निर्मलकर द्वारा उषा कैवर्त्य एवं चितररेखा पांडे के लगभग 40 वर्षो के शालेय सेवा कार्य एवं उनके कार्य कुशलता पर अपने अनुभव साझा किया। शालेय परिवार से श्रीमती रजनी पांडे, श्रीमती तारामनी केरकेट्टा ,श्रीमती संध्या, श्रीमती सुविधा सिंह, आरती गौतम तथा दीपेंद्र लहरे ने मैडम के साथ बिताए गए सुनहरे पलों को याद करते हुए उन्हें शाल श्रीफल से सम्मान करते हुए विदाई दी। कार्यक्रम के अंत में उषा कैवर्त्य मैडम एवं चित्ररेखा पांडे ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए शालेय परिवार को इस आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपेंद्र लहरे ने किया। इस अवसर पर कुंवर भुवन भास्कर सिंह पूर्व माध्यमिक शाला के स्टाफ श्रीमती शकुंतला सोनी ,श्रीमती पुष्पा जायसवाल,श्रीमती अर्चना शर्मा ,श्रीमती प्रियंका सिंह , जगत सिदार,पूर्व व्यायाम शिक्षक रामभरोस कैवर्त्य उपस्थित थे।

# डॉ. मुखर्जी एक देश, एक निशान, एक प्रधान के थे पक्षधर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- भाजपाईयों ने मनाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सक्ती में 6 जुलाई को सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा की उपस्थिति में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम में भाजपा के जिला एव मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे सर्व प्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। उसके पश्चात उनके विचारों को मंचस्थ अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक देश एक निशान एक प्रधान के पक्षधर थे। इनका जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ। अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाला। 1950 में भारत की दशा दयनीय थी। इससे डॉ. मुखर्जी के मन को गहरा आघात लगा उनसे यह देखा न गया और भारत सरकार की अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर संसद में विरोधी पक्ष की भूमिका का निर्वाह करने लगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा सहित उपस्थित जनों ने नगर के नारायण सागर तालाब स्थित गार्डन में पौधरोपण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राम अवतार अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मांगेराम, संजय रामचंद्र जिला महामंत्री टिकेश्वर गबेल, जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव मंडल ,अध्यक्ष अनूप अग्रवाल धनंजय नामदेव गोविंदा निराला दीपक गुप्ता चेतन साहू धरम रात्रे , अरुण शर्मा ,आयुष शर्मा, मनोज सोनी ,आदित्य अग्रवाल, विनोद पांडे, महिला मोर्चा पुष्पेंद्रि कसेरा, अनिता सिंह ,सुषमा कसेर, रेखा देवांगन ,ललिता साहू, रीता कसेर ,राजकुमारी कसेर, आशा साव, अनिता यादव, प्रकाश साहू, रोशन राठौर, सुरज देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीएमओ संजय सिंह सहित नगरपालिका के कर्मचारी वैभव चौबे, इब्राहिम, विजय सोनवानी, संतोष यादव का विशेष योगदान रहा।




कार्यक्रम में उपस्थित सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

### सेक्टर स्किल काउंसिल में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

**झरना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झरना के कक्षा 10 वी एवं 12 वीं के नवीन व्यावसायिक शिक्षा के आई.टी ट्रेड के विद्यार्थियों का सेक्टर स्किल काउंसिल (एस. एस. सी.) की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। यह-प्रमाण पत्र कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार व समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदान किया जाता है। झरना के स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक सभी विषयों की पढ़ाई के साथ ही आई टी. विषय के साथ प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को रोजगार उन्मुखीकरण, संचार कौशल स्व प्रबंधन कौशल की ट्रेनिंग दी गई ताकि जो विद्यार्थी किसी कारणवश नौकरी प्राप्त नहीं कर पाते हैं वे अपना स्वरोजगार पैदा कर सके और अपने तथा परिवार को पालने में सक्षम हो सके । प्रमाण पत्र वितरण संस्था के प्राचार्य श्री. बी एल. कर्ष , व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री चंद्रविजय साहू और संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में किया गया ।




# सभी विकासखंड में होगा जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के उद्देश्य से 12 जुलाई से 27 दिसम्बर तक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा विभिन्न विकासखंड के चिन्हांकित स्थलों पर आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभाग प्रमुख को शिविर पर स्वयं उपस्थित रहकर आमजन से प्राप्त आवेदन पत्रों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 12 जुलाई को मालखरौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत आमनदुला के हायर सेकेंडरी स्कूल आमनदुला में, 26 जुलाई को सक्ती विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नगरदा के हायर सेकेंडरी स्कूल नगरदा में, 8 अगस्त को जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत हसौद के हायर सेकेंडरी स्कूल हसौद में, 23 अगस्त को डभरा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल सपोस में, 13 सितम्बर को मालखरौदा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल सिंघरा प्रागंण में, 27 सितम्बर को सक्ती विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल मसनियाकला में, 11 अक्टूबर को जैजैपुर विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल काशीगढ़ में, 25 अक्टूबर को डभरा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल किरारी में होगा।

# दो दिव्ययांग युवकों को मिली बैटरी युक्त ट्राइसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन के प्रयास से समाज कल्याण विभाग जांजगीर द्वारा दो दिव्यांग युवक शिवम सिंह निवासी ग्राम कोसा और सतेंद्र मरकाम निवासी ग्राम परसाही को बैटरी युक्त ट्राई साइकल प्रदान किया गया। वेल विशर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह व सचिव चिराग शर्मा ने बताया कि इन दोनो युवाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संस्थाओं से बैटरी युक्त ट्राई साइकिल के लिए लंबे समय से प्रयास किया जा रहा था लेकिन सफल नहीं होने पर उन्होंने हमारी संस्था से बैटरी वाली ट्राई सायकल के लिए निवेदन किया गया था। हमारी संस्था के द्वारा समाज कल्याण विभाग के संचालक टीपी भावे से मिलकर दोनों दिव्यांग युवकों के आवश्यकताओं के संबंध में बताए जाने पर उनके द्वारा दोनों दिव्यांग युवकों को बैटरी युक्त ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया। बैटरी ट्राईसाइकल मिलने पर सतेंद्र मरकाम एवं शिवम सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बैटरी ट्राई सायकल मिलने पर काम में जाने में सहोलियत होगी। उन्होंने कहा कि हम लो लंबे समय से ट्राई साइलकल के लिए प्रयासरत थे कई लोगो से सम्पर्क भी किया था पर निराशा हाथ आई थी। वेल विशर फाउंडेशन द्वारा हमारे दर्द को समझा गया और हमारे हमदर्द बने। शिवम व सतेंद्र के द्वारा वेल विशर फाउंडेशन एवं समाज कल्याण विभाग के टी पी भावे के प्रति आभार व्यक्त किया गया। ट्राईसाईकिल वितरण कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष रंजना सिंह उपस्थित थे।



दिव्यांगों को ट्राइसाइकल प्रदान करते सदस्य।

## अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों को दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

# कक्षा में पढ़ाते समय अंग्रेजी में ही बोलने का प्रयास करें शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर के निर्देशानुसार सभी प्राथमिक विद्यालयों के अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 जुलाई से 6 जुलाई तक विकासखंड नवागढ़ के टीएलसी जांजगीर में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के द्वारा मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण पश्चात मां सरस्वती वंदना से प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक स्तर के बच्चों में अंग्रेजी में 'बोलने हेतु कौशल सृजन करने तथा बोलने काअभ्यास को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स धनेश्वर प्रसाद देवांगन एवं अगस्तिन पिटर के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस बीआरसी श्रीमती ऋषिकांता राठौर एवं प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस डाइट से प्रशिक्षण के नोडल द्वय अधिकारी नेहरू प्रधान एवं संजय शर्मा निरीक्षण हेतु उपस्थित हुए। उनके द्वारा प्रशिक्षार्थी शिक्षकों को मोटिवेशनल स्पीच दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण उपरान्त कक्षाओं में सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया। शिक्षकों द्वारा पूरी रुचि के साथ गतिविधियों में शामिल हुए। प्रशिक्षण की विशेषता यह है कि सभी प्रशिक्षार्थी मास्टर ट्रेनर्स आपस में अंग्रेजी में ही वार्तालाप, फीड बैक प्रस्तुतिकरण किया गया, निर्देशित किया गया है कक्षा में पढ़ाते समय अंग्रेजी में ही बोलने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित किया गया। निरीक्षण कर्ताओं द्वारा शिक्षकों की गतिविधियों में भागीदारी का अवलोकन किया तथा शिक्षकों की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशिक्षण में अजीज प्रेम जी फाउण्डेशन का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ विजय कुमार लहरे के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।



विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के साथ उपस्थित मास्टर ट्रेनर एवं शिक्षक।

### जांजगीर, चांपा एवं नवागढ़ में होगा अटल चौक का निर्माण

**जांजगीर।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के सतता प्रयास से नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला, नगर पालिका चाम्पा एवं नगर पंचायत नवागढ़ में देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी के प्रतिमा, अटल चौक के रूप में स्थापित होगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुये पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने बताया कि यह निर्णय छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार ने लिया है, यह प्रदेश के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्थापित किया जायेगा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर इसे स्वीकृति दिलाने के लिये आग्रह किया था।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी.मढ़रिया
डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
को-डायरेक्टर
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123